CITY FOCUS/CHAI-TIME

# सीएम से मिले साईं नाथ यूनिवर्सिटी के वीसी

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



सीएम हेमंत से शिष्टाचार भेंट की.

### यूनिवर्सिटी की गतिविधियों व भावी योजनाओं से कराया अवगत

ranchi@inext.co.in

**RANCHI (18 Jan) :** साईं नाथ यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो (डॉ) एसपी अग्रवाल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर जाकर शिष्टाचार भेंट की. सीएम को सम्मान स्वरूप पुष्प गुच्छ व प्रतीक चिन्ह भेंट किया. इस दौरान उन्होंने सीएम को यूनिवर्सिटी से संबंधित शैक्षणिक गतिविधियों एवं रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के साथ ही यूनिवर्सिटी की भावी योजनाओं से भी अवगत कराया. बताया कि यूनिवर्सिटी सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में की जा रही प्रसार गतिविधियों, सामाजिक दायित्वों एवं क्रियाकलापों के जरिए निर्धन, आदिवासी एवं आदिम जनजाति के विद्यार्थियों को छात्रवृति समेत अन्य सुविधाएं देने की जानकारी दी. कहा-छात्र-छात्राओं के शत-प्रतिशत प्लेसमेंट के लिए यूनिवर्सिटी प्रतिबद्ध है. कहा कि यूनिवर्सिटी में एनसीसी यूनिट है. हमारे छात्रों ने राजपथ, नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व किया है. एनएसएस के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक कार्यों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाता है. इसमें रक्तदान, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के लिए विभिन्न गतिविधियां होती हैं. विधि विभाग के हमारे छात्र लगातार ज्यूडिशयरी सेवाओं में चयनित हो रहे हैं. यूनिवर्सिटी के 50 से अधिक छात्र-छात्राएं विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भाग ले चुके हैं.

# Growth Drivers of the Nation

*Republic Day Special*

**Sai Nath University, Ranchi, is playing an important role in nation-building and has contributed considerably to the education sector in Jharkhand**




# SAI NATH UNIVERSITY, RANCHI: Making higher education feasible



The tribal state of Jharkhand has a huge reservoir of human resource, which holds great talent and potential to excel on the world stage. One institution playing a pivotal role in scripting the great legacy of our nation is Sai Nath University, Ranchi, established in 2012.

### ACCESS TO HIGHER EDUCATION

Starting from traditional subjects like Science and Social Science to vocational alternatives in subjects, ranging from Mass Communication and Computer Programming, to Fashion Designing and Event Management, the higher education access and enrolment alike is on the rise, as more and more students realise its importance and access. This is due to open- (integrated) course, but also has PhD and DelEd courses in the education stream. It is also the first private university in Jharkhand to receive an AICTE accreditation for Diploma in Engineering. With a vision to make the courses employment-friendly, Vice-Chancellor of Sai Nath University, Ranchi, Prof SP Agarwal has facilitated the signing of MoUs with agencies like Jharkhand Tool Room, Jindal Steel & Power Plant, Bajaj Motors Pvt Ltd, Namami Gange Project, Adityapur Small Industries Association (ASIA) and many more.

### THE COURSES

Sai Nath University, Ranchi, has a dedicated Faculty of Legal Studies & Research. It is the only University in the state with an MoU with CLAT- ... er printing Expertise with Drugs & Narcotics Rights.

Nursing-related courses have helped build strong frontline workers during the global pandemic and the Vice-Chancellor has started a total of five courses in this sector. These include a four-year BSc Nursing, two-year ANM (Auxiliary Nurse and Midwife), GNM, Paramedical (BSc MLT) and Post Basic Nursing, with tie-ups with healthcare organisations like Paras Hospital, Apollo Hospital, Fortis Hospital, RIMS and RINPAS, etc for practical training.

Pharmacy courses namely D Pharmacy and B Pharmacy were also started by the Vice-Chancellor in order to provide a robust health care system and efficacious cost effective medicines to the ... the world of physical education, career options in schools, colleges and other educational institutions along with job roles like fitness and wellness trainers. Apart from this, there are also a variety of vocational education courses like Agricultural Sciences (BSc Agriculture, MSc Agriculture), Management Studies (MBA, BBA and PhD), Computer Sciences (BCA, PhD.) among others. The goal is not only to make the students employable but also to make the education holistic and inclusive. Sai Nath University, Ranchi, is the first private University in the state which has a NCC Unit and the 9th Company of 19-Jharkhand Battalion with 160 Corps operating from here. The students who are a part of NCC

## ON A MISSION OF TRANSFORMATION



**Sai Nath University, Ranchi, the first in many areas of education, is contributing immensely to the knowledge, economy, and GDP of Jharkhand: VC, Prof SP Agarwal**

**What is the contribution of Sai Nath University to education?**
The role of Sai Nath University, Ranchi, is to provide quality education and retain students for making them knowledgeable and skilful for self-sustainability.

**How has your alumni fared in their careers?**
A majority of them have been placed in high posts in the corporate, healthcare, automobile, agriculture and education sectors, apart from thermal power and steel plants, and as judges in the judiciary among others.

**Your Vision?**
The University will have a transformative impact on the society through continued innovation in education, research, creativity, and entrepreneurship. Our mission is to create a transformative educational experience for students focused on deep disciplinary knowledge, leadership, communication, and interpersonal skills, and personal health and well-being.

**Your success mantra?**
We attribute our success to helping all through inclusive learning by developing our consciousness.

**What are your milestones, achievements and awards received so far?**
We have sent a team of students in 'Moon Buggy

# छात्रा रिशिका सुमन का न्यायिक सेवा में हुआ चयन

रांची (वि.) : साईंनाथ विश्वविद्यालय रांची के विधि विभाग की छात्रा रिशिका सुमन, एलएलबी, सत्र 2018-21, वर्तमान में एलएलएम कोर्स सत्र 2023-25 में अध्ययनरत् है। उन्होंने 32वीं बिहार न्यायिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन और कठोर परिश्रम के बल पर सफलता प्राप्त की है। यह विश्वविद्यालय और विधि विभाग के लिए गर्व का क्षण है। कुलपति प्रोफेसर डा. एसपी अग्रवाल ने हर्ष व्यक्त करते हुए रिशिका सुमन को



छात्रा के साथ शिक्षक • जागरण

बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कुलपति ने कहा रिशिका सुमन ने अपनी प्रतिभा और मेहनत का परचम लहराया है।

# साईंनाथ यूनिवर्सिटी में अंतर विभागीय वार्षिक खेल महोत्सव का समापन हुआ




रांची| साईंनाथ विवि में अंतर विभागीय वार्षिक खेल महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग ने किया। 20 फरवरी से 21 फरवरी तक चले इस खेल महोत्सव में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत 100 मीटर से 1500 मीटर दौड़, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो और टग ऑफ वॉर में प्रतिभागियों ने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन विवि कुलपति प्रो. डॉ. एसपी अग्रवाल ने ध्वाजारोहण के साथ किया। समापन समारोह में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सभी प्रतिभागियों को बेहतर करने के लिए प्रेरित किया।



साईंनाथ विवि में बुधवार को मॉक ड्रिल के समय मौजूद विद्यार्थी।

# साईंनाथ विवि में मॉक ड्रिल के उद्देश्य समझाए

- कुलपति ने मॉक ड्रिल के उद्देश्यों से अवगत कराया
- छात्रों को खुद को सुरक्षित रखने के आवश्यक सुझाव दिए

रांची। साईं नाथ विश्वविद्यालय में नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन बुधवार को किया गया। कुलपति डॉ एसपी अग्रवाल की अगुवाई में यह आयोजन हुआ।

कुलपति ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए मॉक ड्रिल के उद्देश्यों से अवगत कराया। साथ ही नागरिकों और छात्रों को संभावित हमलों की स्थिति में खुद को सुरक्षित रखने के आवश्यक सुझाव दिए। कहा कि मॉक ड्रिल से संकट की घड़ी में उचित निर्णय लेने, घबराहट से बचने और समय पर कार्यवाही करने की क्षमता विकसित होती है।

# साईं नाथ नर्सिंग कॉलेज में मना नर्स दिवस



**रांची**. साईं नाथ विवि के साईं नाथ नर्सिंग कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर कार्यक्रम हुआ. कुलपति डॉ एसपी अग्रवाल ने नर्सिंग के महत्व पर प्रकाश डाला. छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये. निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण एवं भाषण प्रतियोगिता हुई. विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान किया गया.

# जेल केवल दंड के स्थान नहीं, पुनर्वास के केंद्र हों



साईंनाथ विवि में गुरुवार को जेल सुधार विषय पर सेमिनार। विवि के एनसीसी कैडेट्स ने झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रोशन को गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

## बोले जस्टिस

**रांची**। साईंनाथ विवि में जेल सुधार विषय पर गुरुवार को सेमिनार हुआ। विवि के एनसीसी कैडेट्स ने मुख्य अतिथि झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रोशन को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जस्टिस ने कहा कि जेल केवल दंड का स्थान नहीं, वह पुनर्वास और पुनर्निर्माण का केंद्र होना चाहिए। आईपीएस प्रशांत सिंह बोले, आज तकनीकी प्रगति ने जेल प्रशासन में पारदर्शिता और प्रभावशीलता के नए द्वार खोले हैं।

वायरलेस कम्युनिकेशन, निगरानी प्रणाली, डिजिटल रिकॉर्डिंग जैसे उपाय जेल सुरक्षा को आधुनिक बनाने में अत्यंत सहायक सिद्ध हो रहे हैं। सीएन लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ पीके चतुर्वेदी ने जेल सुधारों की आवश्यकता एवं भविष्य की दिशा पर अपने विचार व्यक्त किए। कुलपति डॉ एसपी अग्रवाल ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रतिबद्धता को रेखांकित किया और कहा कि शिक्षा संस्थानों का उतरदायित्व केवल एकेडमिक डिग्रिया देना नहीं है, बल्कि एक ऐसा सामाजिक वातावरण तैयार करना है, जहां छात्रों में मानवाधिकार, न्याय और दया की भावना विकसित हो। सेमिनार के समापन सत्र में विश्वविद्यालय के उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने हाल ही में खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया।

# सफलता दर में निरंतर हो रही वृद्धि : कुलपति



**रांची.** साईं नाथ विवि शिक्षा के क्षेत्र में सफलता का परचम लहरा रहा है. डॉ प्रो एसपी अग्रवाल ने कहा कि विवि के विभिन्न विभागों की ओर से चलाये जा रहे शैक्षणिक कार्यक्रमों में छात्रों की भागीदारी और सफलता दर में निरंतर वृद्धि हो रही है. साईं नाथ विवि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल, सुचारू व संपूर्ण स्वरूप में क्रियान्वयन व अनुपालन सक्रियता के साथ प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर रहा है. झारखंड के अलावा बिहार, बंगाल, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, नेपाल के युवक-युवतियां उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं. विवि के 500 छात्र और 500 से अधिक छात्राएं छात्रावास में रहते हैं.

# साईंनाथ युनिवर्सिटी में छात्र-छात्राओं ने किया योग



साईंनाथ विश्वविद्यालय में योग करते विद्यार्थी • जागरण

**रांची (वि.):** साईंनाथ युनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग सत्र हुआ। कुलपति प्रोफेसर डा. एसपी अग्रवाल, शिक्षकगण, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। परिसर में योग गुरु प्रो. मंजु सिंह के मार्गदर्शन में सूर्य नमस्कार आदि योग किए गए।

# विद्यार्थियों को नशा मुक्त जीवन के लिए किया प्रेरित



साईंनाथ विवि में बुधवार को नशा मुक्ति अभियान का आयोजन आयोजन किया गया।

रांची। साईंनाथ विश्वविद्यालय में बुधवार को नशा मुक्ति अभियान का आयोजन आयोजन किया गया। उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्थानीय समुदाय को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें स्वस्थ, नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था। कुलपति डॉ एसपी अग्रवाल एवं मुख्य अतिथि थाना प्रभारी ओरमांझी अनिल कुमार तिवारी, अमित और सतीश ने विद्यार्थियों को नशा से मुक्त रहने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने कहा कि यह केवल आयोजन नहीं, बल्कि एक संकल्प का दिन है। एक ऐसा संकल्प जो युवा पीढ़ी को स्वस्थ जीवन की ओर ले जाने का मार्ग प्रशस्त करता है।



# में परचम लहरा रही है साईंनाथ युनिवर्सिटी : कुलपति

संवाददाता, रांची : शहर से महज ...मी दूर चंदवे-कुच्चू मार्ग पर 2012 में ... एजुकेशनल ट्रस्ट आगरा के बैनर ... गुणवत्तापूर्ण उच्च, तकनीकी एवं ...सायिक शिक्षा उपलब्ध कराकर रोजगार ... कराने तथा स्वरोजगार के लिए तैयार ... एवं झारखंड की प्रतिभा पलायन को ... विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में ...ता प्रदान करने के उद्देश्य से साईंनाथ ...सिटी की स्थापना की गई। यह ...सिटी झारखंड विधानसभा द्वारा पारित ...पाल द्वारा अनुमोदित झारखंड ...यम 15, 2012 तथा विश्वविद्यालय ... आयोग नई दिल्ली से सेक्शन 2 ... तहत मान्यता प्राप्त है। निवर्सिटी के सभी पाठ्यक्रम राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद्, पूर्वी क्षेत्रीय समिति भुवनेश्वर, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् नई दिल्ली, फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया नई दिल्ली, भारतीय विधिज्ञ परिषद् नई दिल्ली, इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त है। युनिवर्सिटी निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल कर रही है। युनिवर्सिटी ने शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान, नवाचार एवं समग्र विकास के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है। उक्त बातें दैनिक जागरण के संवाददाता कुमार गौरव के साथ विशेष बातचीत के क्रम में साईंनाथ युनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर डा. एसपी अग्रवाल ने कही। ऐसी कई अन्य उपलब्धियों पर उन्होंने चर्चा की, प्रस्तुत है बातचीत के प्रमुख अंश...।




साईंनाथ युनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर डा. एसपी अग्रवाल • जागरण

...ों के साथ छात्र-छात्राओं ... आवासीय सुविधा उपलब्ध ...ें झारखंड व निकटवर्ती ...ार, बंगाल, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ के अलावा युवक-युवतियां उच्च एवं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। पठन-पाठन से लेकर रोजगार तक के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। छात्राओं का नामांकन बेटी-बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत भी किया जा रहा है। युनिवर्सिटी के 500 छात्र एवं 500 से अधिक छात्राएं छात्रावास में रहते हैं।

**• खेलकूद के विकास के लिए क्या गतिविधियां की जा रही हैं?**

- यहां के 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व किया है। प्रत्येक वर्ष हमारे छात्र ज्यूडिशियरी सेवा में चयनित हो रहे हैं, जिनमें वर्ष 2021 में विधि विभाग की छात्रा सुजाता महतो, वर्ष 2022 में मोनिका वर्मा व कुमारी सौम्या तथा वर्ष 2024 में रिशिका सुमन प्रमुख हैं। सामान्य पाठ्यक्रमों के अलावा छात्रों को ज्यूडिसियरी सर्विस एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कराई जा रही है। यह झारखंड का प्रथम युनिवर्सिटी है जो डिप्लोमा इंजीनियरिंग के लिए एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त है। पहला युनिवर्सिटी है जिसका बीए एलएलबी का क्लैट 2020 के साथ एमओयू है।

**• पठन-पाठन के अलावा और क्या गतिविधि कराई जा रही है?**

- छात्रों को अत्याधुनिक साफ्टवेयर ट्रेनिंग एवं शैक्षिक भ्रमण, प्रैक्टिकल एजुकेशन, लेटेस्ट टेक्नोलॉजी और मशीनों की जानकारी कराने के साथ ही उनके संचालन के तौर-तरीके के माध्यम से शत-प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कई प्रतिष्ठित संस्थाओं तथा कंपनियों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया है। झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम, जिंदल स्टील एंड पावर प्लांट, बजाज मोटर्स लिमिटेड एवं प्राक्टर एंड गैंबल कंपनी (जिलेट) नई दिल्ली के बीच टाइ-अप हुआ है। क्लीनिकल ट्रेनिंग के लिए अपोलो, फोर्टिस, रिम्स, पारस, रिनपास के साथ एमओयू किया जा चुका है।

# साईंनाथ विवि : डिप्लोमा इन मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 12 छात्रों का प्लेसमेंट



**रांची** | साईंनाथ विवि के डिप्लोमा इन मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 12 छात्रों का चयन ऑटोमोबाइल कंपनी में हुआ है। प्रत्येक छात्र का सीटीसी 4 लाख रुपए है। चयनित छात्रों में सागर कुमार, रोहन कुमार, रितिक कुमार; विक्की कुमार, शिवम कुमार, अमन कुमार सिंह, मो. अरबाज अंसारी, अमन खान, चंदन दास, विक्की विलोंग, रवि शंकर व अनिकेत आनंद शामिल हैं। कुलपति, प्रो. डॉ. एसपी अग्रवाल ने बधाई दी।

# समाचार सार

## एनसीसी ने साईंनाथ युनिवर्सिटी में लगाया प्रशिक्षण कैंप




साईंनाथ युनिवर्सिटी रांची में आयोजित कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थी • जागरण

रांची (वि.) : साईंनाथ युनिवर्सिटी रांची में 2 एयर स्क्वार्डन एनसीसी रांची द्वारा संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर ( सीएटीसी 11 प्री- वीएससी 1) का आयोजन किया गया। इस दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में बी और सी प्रमाण-पत्र के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 400 एनसीसी कैडेट्स (बालक एवं बालिका) ने भाग लिया। यह शिविर कमांडिंग अफसर विंग कमांडर टीजे रंजीत, प्रशासनिक पदाधिकारी विंग कमांडर अनिकेत कुमार, एमडब्ल्यूओ एन. मिश्रा, जेडब्लयूओ पीके चौहान, एयर विंग, एनसीसी रांची के नेतृत्व में संपूर्ण व्यवस्था और अनुशासन का संचालन किया। शिविर का उद्घाटन वीसी प्रो. डा. एसपी अग्रवाल ने किया।

# समाचार सार

## साईंनाथ विश्वविद्यालय में हुईं खेलकूद प्रतियोगिताएं



खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल छात्रा-छात्राएं • जागरण

रांची (वि) : राष्ट्रीय खेल दिवस पर शुक्रवार को साईंनाथ विवि के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा अंतर-विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। विवि के वीसी प्रो (डा.) एसपी अग्रवाल ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर माल्यापर्ण और श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर कुलपति ने छात्र-छात्राओं से खेलों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के रूप में खेल की भावना से खेलने को प्रेरित किया।

## बिजनेस बज

# साईं नाथ विवि में नए छात्रों के स्वागत में दीक्षारंभ

रांची| साईं नाथ विश्वविद्यालय में मंगलवार को नवागंतुक छात्रों के स्वागत के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विवि के कुलपति प्रो. (डॉ.) एसपी अग्रवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुलपति ने कहा कि दीक्षारंभ केवल शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत नहीं, बल्कि जीवन की नई यात्रा का प्रथम पड़ाव है। यहां छात्र केवल ज्ञान ही अर्जित नहीं करते, बल्कि वे संस्कार, नैतिकता और समाजोपयोगी मूल्यों के साथ अपना सर्वांगीण विकास करते हैं। उन्होंने छात्रों से अनुशासन, परिश्रम और नैतिकता को जीवन का मूल मंत्र बनाने का आह्वान किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। प्रश्नोतर सत्र भी हुआ। इस अवसर पर विवि के डीन, रजिस्ट्रार, प्राचार्य, शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



पेज एक का शेष

A Dainik Jagran Marketing Initiative




दैनिक जागरण की ओर से मंगलवार को राजधानी के होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित 'कलम आज उनकी जय बोल' शिक्षा सम्मान समारोह में सम्मानित होनेवाले शिक्षकों के साथ अतिथि व जागरण परिवार रांची के सदस्य • जागरण

# दिनकर जयंती पर सम्मान पाकर गौरवान्वित हुए गुरुजन

'कलम आज उनकी जय बोल' कार्यक्रम के तहत दैनिक जागरण ने शिक्षकों को किया सम्मानित



**साईं नाथ विवि** : साईं नाथ विवि में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर कुलपति प्रो डॉ एसपी अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं, प्रशासनिक पदाधिकारी, एनसीसी कैडेट के अलावा छात्र-छात्राएं व अभिभावक उपस्थित थे.

# साईं नाथ विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस का आयोजन




**सताल एक्सप्रेस / रांची ।** साईं नाथ विश्वविद्यालय, राँची में 5 सितम्बर 2025 को शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) एस. पी. अग्रवाल, सभी संकाय सदस्य, छात्र-छात्राएँ एवं विश्वविद्यालय के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, कविता-पाठ और भाषण जैसे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए उन्हें मार्गदर्शक दीप की संज्ञा दी।कुलपति प्रो. एस. पी. अग्रवाल ने सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान का संचारक नहीं, बल्कि समाज का मार्गदर्शक और राष्ट्र का सच्चा शिल्पकार होता है। एक अच्छा शिक्षक विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों का संचार करता है। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जीवन और उनका दर्शन हमें यह प्रेरणा देता है कि शिक्षा केवल रोजगार का साधन नहीं, बल्कि एक जीवनदृष्टि है।

# तृतीय सद्भावना कप फुटबॉल टूर्नामेंट का शानदार आगाज



**पंच संवाददाता**

**ओरमांझी।** नवयुवक संघ बारीडीह ओरमांझी के तत्वधान में हर साल की भांति इस साल भी सदभावना कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज किया गया। जिसमे उद्घाटन मैच के अतिथि के रूप में रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने फुटबॉल को किक मार कर मैच का शुभारंभ किया। इस टूर्नामेंट में बालक वर्ग में 16 टीमें हिस्सा लिए हैं। जिसमे उद्घाटन मैच मजदूर-11 मोराबादी बनाम सन्नी स्पोर्ट्स हुन्दूर के बीच खेला गया जिसमे पेनाल्टी के माध्यम से मोराबादी की टीम विजय हुई। दूसरा मैच गेतलसूद बनाम नामकुम के बीच हुई जिसमे नामकुम की टीम विजय हुई। तीसरा मैच राँची ब्रदर्स बनाम सतकनांदू कांके के बीच हुआ जिसमे रांची ब्रदर्स की टीम विजय हुई। चौथा मैच साईनाथ यूनिवर्सिटी रांची बनाम एसटी एफसी सबैया के बीच हुआ जिसमे की टीम विजय हुई जिसमें साईनाथ की टीम विजय हुइ । दिन का क्वाटर फाइनल मैच क्रमशः मजदूर-11 मोराबादी और राँची ब्रदर्स की टीम अपने अपने मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश की। दूसरे दिन का मैच भी रोमांचक होने की उम्मीद है।

**रांची ब्रदर्स की टीम अपने-अपने मैच जीतकर सेमीफाइनल में की प्रवेश**

# प्राइड ऑफ झारखंड

# शिक्षा जगत में प्रो. (डॉ.) एस. पी. अग्रवाल का अहम योगदान झारखंड को दे रहे वैश्विक दृष्टि




माता-पिता को चाहिए कि बच्चों की रुचि को पहचानें और उन्हें उसी दिशा में बढ़ावा दें। बच्चों की प्रतिभा को पहचानकर उचित मार्गदर्शन करना माता-पिता का परम कर्तव्य है।
- प्रो. (डॉ.) एस. पी. अग्रवाल
कुलपति

**झारखंड के शिक्षा जगत में नई पहचान बनाने वाले और हजारों छात्रों के भविष्य को रोशन करने वाले प्रो. (डॉ.) एस. पी. अग्रवाल आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। सिविल इंजीनियरिंग में स्वर्ण पदक से लेकर पीएचडी तक की शैक्षणिक यात्रा, फिर एक लेक्चरर से शिक्षा निदेशक और अंततः साईंनाथ विश्वविद्यालय, झारखंड के कुलपति बनने तक का उनका सफर प्रेरणादायी है। उन्होंने अपने नेतृत्व में विश्वविद्यालय को रोजगारपरक, छात्र हितैषी और वैश्विक दृष्टिकोण से जुड़ा हुआ संस्थान बनाया।**









## उपलब्ध कोर्स

कैम्पस में 50 से अधिक डिप्लोमा और डिग्री कोर्स उपलब्ध है।

**कृषि**
- एम.एससी. एग्रीकल्चर
- बी.एससी. एग्रीकल्चर

**कम्प्यूटर एप्लीकेशन**
- एमसीए
- बीसीए

**शिक्षा**
- बी.एड.
- डी.एल.एड.
- बी.एससी.-बी.एड.
- बी.ए.-बी.एड.
- एम.एड.
- बी.एड-एम.एड.

**इंजीनियरिंग**
- मैकेनिकल इंजीनियरिंग
- माइनिंग इंजीनियरिंग
- सिविल इंजीनियरिंग
- इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग

**लॉ**
- एलएलएम
- बीए एलएलबी
- एलएलबी

**मैनेजमेंट**
- बीबीए
- एमबीए

**नर्सिंग**
- बी.एससी. नर्सिंग
- जीएनएम
- एएनएम

**फार्मेसी**
- डी. फार्मेसी
- बी. फार्मेसी

**फिजिकल एजुकेशन**
- बी.पी.एड.
- डी.पी.एड.

## क्यों चुनें साईंनाथ विश्वविद्यालय?

साईंनाथ विश्वविद्यालय, रांची की स्थापना झारखंड राज्य विधानसभा द्वारा अधिकारिक राजपत्र के माध्यम से की गई है और यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम 1956 की धारा 2(एफ) के अंतर्गत मान्यता प्राप्त है।

- 200+ अनुभवी शिक्षक • 100+ रोजगारपरक कार्यक्रम • 800+ पिछले वर्ष सफल प्लेसमेंट • 10,000+ पंजीकृत विद्यार्थी

**A PIONEER GROUP OF EDUCATION IN JHARKHAND**
**SAI NATH UNIVERSITY**
Established under Jharkhand Govt. Act No. 15 of 2012 & Recognized as per section 2(f) of UGC Act, 1956
Campus : Jirawar, Chandway-Kuchu Road, Ormanjhi, Ranchi (Jharkhand)
Mob. : 7970408015, 6204313818, 9050565535, 7004836620
Email : sainathuniversity@ymail.com | Website : www.sainathuniversity.com

## पीएचडीसीसीआई की ओर से चौथे झारखंड माइनिंग समिट का आयोजन, वित्त मंत्री ने रखे विचार

# राज्य सरकार की अनुमति से खर्च होंगे सीएसआर फंड : राधाकृष्ण

रांची, संवाददाता। अब कंपनियों को कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड खर्च करने से पहले राज्य सरकार की अनुमति लेनी होगी। इसके लिए सरकार जल्द ही नियम बनाने जा रही है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि फिलहाल सरकार को इस बात की जानकारी नहीं रहती कि कंपनियां अपने सीएसआर फंड की राशि कहां खर्च कर रही है। इस स्थिति को सुधारने के लिए राज्य सरकार योजना बना रही है।

मंत्री ने कहा कि कंपनियों को सीएसआर फंड खर्च करने के लिए राज्य सरकार के समक्ष अपनी योजनाएं और प्राथमिकताएं प्रस्तुत करनी होंगी। इसके बाद ही उन्हें खर्च की अनुमति मिलेगी। इस प्रक्रिया से सरकार का नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही लोक उपक्रमों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर सीएसआर फंड के खर्च की समीक्षा की जाएगी। वित्त मंत्री शनिवार को होटल रेडिशन ब्लू में पीएचडीसीसीआई की ओर से आयोजित चौथे झारखंड माइनिंग समिट में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।



होटल रेडिशन ब्लू में शनिवार को आयोजित चौथे झारखंड माइनिंग समिट का उद्घाटन करते वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर व अन्य।

### झारखंड में जल संरक्षण सबसे बड़ी चुनौती

वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य में अभी सबसे बड़ी चुनौती जल संरक्षण है। बीस साल पहले राज्य में भूगर्भ जल जितना क्यूबिक बिलियन था, उसमें 70 फीसदी कमी आयी है। यही स्थिति रही तो आने वाले 10-15 साल बाद लोगों को राज्य छोड़कर दूसरे राज्य जाना पड़ेगा। कंपनियों को अपनी सीएसआर की राशि चेक डैम, वाटर कंजर्वेशन पर खर्च करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कई बैंकों द्वारा सीएसआर फंड के दुरुपयोग पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि किसी अधिकारी के कहने पर यदि बैंक 400 सीलिंग फैन लगाए, डिप्टी कमिश्नर के ऑफिस में एलईडी स्ट्रीट लाइट लगायी जाय तो क्या यह सीएसआर के उद्देश्य को पूरा करता है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की रिपोर्ट है कि गांवों में 59 फीसदी महिलाएं खून की कमी से, 48 फीसदी 0-5 वर्षीय बच्चे कुपोषण से पीड़ित हैं। मंत्री ने कहा कि झारखंड निर्माण का जो उद्देश्य था, उस उद्देश्य को पूरा करने में माइनिंग क्षेत्र का बड़ा योगदान हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह की संगोष्ठी की समीक्षा भी होनी चाहिए, ताकि यह पता चले कि इस समिट से कितनी सफलता मिली।

### केंद्रीय करों में हिस्सेदारी हमारा संवैधानिक हक

वित्त मंत्री ने कहा कि राज्यों को चाहिए कि अपने वित्तीय संसाधनों का स्कोप इतना बढ़ाए कि केंद्र पर निर्भरता कम हो। इसके साथ ही केंद्र की यह जिम्मेवारी बनती है कि यदि कोई राज्य पिछड़ रहा है तो उसके बारे मे सोचे। कहा कि राज्य मे सीमित साधन है। स्टेट ऑन टैक्स से जो रेवेन्यू जेनरेट होता है, वह काफी कम है। इसलिए केंद्र सरकार की राशि पर हमें निर्भर रहना पड़ता है। केंद्रीय करों मे हिस्सेदारी हमारा संवैधानिक अधिकार है। पर वह भी समय पर नहीं मिल पाता है।

### जीएसटी में कटौती से दो हजार करोड़ का नुकसान

वित्त मंत्री ने कहा कि उन्होंने जीएसटी काउंसिल की बैठक मे कहा कि राज्य मे जीएसटी की दर में कटौती से राज्य को नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि पहले भी जीएसटी से जो नुकसान हुआ, पांच वर्षों का कंपनशेसन मिला, लेकिन वो पर्याप्त नहीं है। इसे जारी रखने की आवश्यकता है। इस बार ऑटोमोबाइल और सीमेंट प्रोडक्शन के क्षेत्र मे सालाना दो हजार करोड़ रुपये की क्षति होगी। आईएफएस रवि रंजन ने कहा कि झारखंड पहला राज्य है, जिसने सस्टेनेबल माइनिंग के लिए विशेष टास्क फोर्स बनायी। मौके पर मेकॉन के तकनीकी निदेशक प्रद्युम्न कुमार दीक्षित, अडानी पावर के संजीव शेखर उपस्थित थे।